CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:27 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:26 बजे

# सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 164 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 20 दिसंबर 2025

रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ फिर आईं ...पेज-3 पर

## पहाड़ों में बारिश व बर्फबारी के आसार, मैदान में कोहरे का यलो अलर्ट

देहरादून

हमारे संवाददाता

प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में 20 दिसंबर को हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में बारिश-बर्फबारी हो सकती है। इसके अलावा 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है। उधर, देहरादून समेत हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत और पौड़ी जिले में कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार, शुक्रवार को बरेली का अधिकतम तापमान 14 डिग्री जबकि शिमला का 15.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विशेषज्ञ अतुल कुमार के अनुसार, बृहस्पतिवार देर रात से ही शहर पर कोहरा छाने लगा था। बर्फीली हवा के प्रवेश और दिन में निकली धूप से उष्मीय विकिरण की वजह से कोहरे की चादर तनी। भोर में दृश्यता शून्य रही। दिन में भी कई स्थानों पर दृश्यता 30 से 50 मीटर तक दर्ज की गई। प्रदेश में बरेली अति शीत जिला दर्ज हुआ। दिनभर धूप नहीं निकली। राहगीर अलाव जलाकर ठंड से निजात की कोशिश करते दिखाई दिए।



### दिल्ली में घने कोहरे से थमी रफ्तार

राजधानी में स्थानीय कारकों के कारण अधिक प्रदूषण बढ़ रहा है। हवा की गति धीमी होने के कारण लगातार 5वें दिन भी हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। शनिवार सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे की मोटी परत से हुई। साथ ही स्मॉग की घनी चादर भी दिखाई दी। इस कारण कई इलाकों में दृश्यता भी बेहद कम रही। इससे लोगों को आंखों में जलन व सांस के मरीजों को परेशानी हुई दृश्यता बेहद कम होने से सड़कों और हवाई यातायात पर असर पड़ा है। वहीं, दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, शनिवार सुबह राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 376 दर्ज किया गया है। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। कई इलाकों में एक्यूआई 400 पार दर्ज किया गया है।

## News कॉर्नर

### 166 पाउच कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 166 पाउच कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुखानी थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। पुलिस टीम ने आम्रपाली चौकी बैरियर के पास एक मोटरसाइकिल को रोकने का इशारा किया लेकिन वाहन चालक ने भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस ने धर दबोचा। उसकी बाइक में मिले कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें 166 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रेशम सिंह पुत्र जागर सिंह निवासी कराला थाना गदरपुर, जनपद उधम सिंह नगर बताया। पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 60(1)/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

### कॉलेज परिसर में खड़ी स्कूटी की डिग्गी तोड़कर नकदी व ईयरबड चोरी

हल्द्वानी। एमबीपीजी कॉलेज परिसर में स्कूटी चोरी की एक घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर को मुखानी, हल्द्वानी निवासी कमलेश तिरूवा अपने एक साथी के साथ कॉलेज में परीक्षा देने पहुंचे थे। सुबह करीब 9 बजे उन्होंने अपनी स्कूटी कॉलेज के पीछे गेट के पास खड़ी कर लॉक लगा दिया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद जब दोनों वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि स्कूटी का लॉक टूटा हुआ था। जांच करने पर स्कूटी की डिग्गी से 5,000 रुपये नकद और एक ईयरबड चोरी पाया गया। घटना के बाद छात्र द्वारा इस संबंध में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस से आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। पीड़ित छात्र कमलेश तिरूवा, पिता रमेश तिरूवा, ने बताया कि कॉलेज परिसर में इस तरह की घटना से छात्रों में असुरक्षा का माहौल है। उन्होंने स्कूटी बरामद कर चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

नादिया रैली को कोलकाता से किया वर्चुअली संबोधित

## बंगाल को जंगलराज से मुक्त होना होगा: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल के तहेरपुर हेलीपैड पर उतरने की कोशिश में असफल रहे। अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र में घने कोहरे के कारण दृश्यता बहुत कम थी, जिससे पीएम का हेलीकॉप्टर कुछ समय हेलीपैड के ऊपर मंडराने के बाद वापस कोलकाता हवाई अड्डे लौट गया। उन्होंने एयरपोर्ट से ही वर्चुअली संबोधन किया। उन्होंने खराब मौसम के कारण रैली स्थल तक नहीं पहुंच पाने पर लोगों से माफी भी मांगी।

पीएम मोदी ने सभा को वर्चुअली संबोधन में महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को नमन करते हुए कहा कि वंदे मातरम ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष का मंत्र था। पीएम मोदी ने कहा वंदे मातरम को राष्ट्र निर्माण का मंत्र बनाना है। कहा कि केंद्र सरकार देश के नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने बंगाल समेत पूरे



देश के लोगों को बड़ी राहत दी है और दुर्गा पूजा और अन्य त्योहारों के दौरान देशभर के लोग इससे काफी लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि बंगाल में घुसपैठियों को टीएमसी का संरक्षण प्राप्त है।

पीएम ने कहा कि गंगा बिहार से होकर बंगाल तक जाती है और बिहार ने बंगाल को रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि बंगाल को जंगलराज से मुक्त होना होगा। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि वे पूरे दिल से बंगाल के लोगों के लिए समर्पित हैं और राज्य के लिए फंड और नीतियों की कोई कमी नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कई विकास परियोजनाएं राज्य सरकार की वजह से लंबित पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अगर टीएमसी भाजपा का विरोध करना चाहती है तो करे, लेकिन राजनीतिक फायदे के लिए विकास को रोके जाने की बात समझ से बाहर है। पीएम मोदी ने लोगों से अपील की कि वे भाजपा को एक मौका दें, डबल इंजन सरकार बनने दें और भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार बंगाल के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगी।

## विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित, अक्षर बने उपकप्तान

मुंबई

एजेंसी

अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए आज भारतीय टीम का एलान होगा। मुंबई में मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और कप्तान सूर्यकुमार यादव प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे।

भारत ने टी20 विश्व कप के लिए जो टीम चुनी है उसमें शुभमन गिल का नाम शामिल नहीं है। टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वाशिंगटन सुंदर, ईशान किशन टीम में शामिल हैं।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंच गए हैं। सैकिया के पहुंचने का मतलब है कि चयन समिति की बैठक खत्म हो गई है और अब जल्द ही टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का एलान होगा। अब मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंच गए हैं।

टी20 विश्व कप टीम के चयन के लिए बीसीसीआई मुख्यालय में बैठक शुरू हो गई है। इस बैठक में सीनियर पुरुष चयन समिति के सदस्यों के अलावा बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया और टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी मौजूद हैं।



## दिल्ली से लौटते ही पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत का स्वास्थ्य बिगड़ा

देहरादून

हमारे संवाददाता

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत दिल्ली से लौटने के बाद शुक्रवार को स्वास्थ्य समस्या के चलते देहरादून के अरिहंत अस्पताल पहुंचे। बताया जा रहा है कि दिल्ली में अत्यधिक प्रदूषण के संपर्क में रहने के कारण देहरादून पहुंचते ही उन्हें सांस लेने में तकलीफ महसूस होने लगी। स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए।

अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें नेबुलाइजर दिया, जिससे उन्हें सांस संबंधी परेशानी में राहत मिली। चिकित्सकों के अनुसार यह समस्या प्रदूषण के प्रभाव के कारण हुई थी और समय पर उपचार से स्थिति नियंत्रित हो गई। प्राथमिक इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार होने पर डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी। हरक सिंह रावत की तबीयत बिगड़ने की खबर मिलते ही उनके समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चिंता की लहर दौड़ गई। कई नेताओं ने उनसे फोन पर बातचीत कर स्वास्थ्य की जानकारी ली।

फिलहाल डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने और कुछ दिनों तक सावधानी बरतने की सलाह दी है। बताया जा रहा है कि अब उनकी स्थिति सामान्य है और वे चिकित्सकीय निगरानी में घर पर विश्राम कर रहे हैं।

## सीएम धामी ने थामा रैकेट, फिट और फोकस्ड रहने का दिया संदेश

देहरादून

हमारे संवाददाता

ख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शासकीय कार्यों की व्यस्तता के बीच कार्मिकों द्वारा खेल गतिविधियों को अपनाना बेहद जरूरी है। क्योंकि खेल जीवन में अनुशासन लाने के साथ-साथ तनाव को दूर करता है और शरीर को स्वस्थ रखता है। उन्होंने कहा कि निरोगी रहना मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है और खेल इस दिशा में सबसे प्रभावी माध्यम है।

शनिवार को बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल, परेड ग्राउंड, देहरादून में उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित 10वीं अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिताङ्क2025 का सीएम धामी ने शुभारम्भ किया। साथ ही उन्होंने



यहां बैडमिंटन कोर्ट में बैडमिंटन भी खेला। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता भविष्य में भी अनवरत रूप से आगे बढ़ती रहेगी और कर्मचारियों-अधिकारियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं बैडमिंटन खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। प्रतियोगिता में राज्य के 42 विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी प्रतिभाग कर रहे हैं। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड हर क्षेत्र में देश के सामने एक उदाहरण बनकर उभर रहा है। राज्य परिवर्तन की ओर अग्रसर है और नवाचारों, ऐतिहासिक निर्णयों तथा जनहितकारी नीतियों के माध्यम से विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हाल ही में उत्तराखंड में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन किया गया, जिससे राज्य में खेल अवसंरचना और सुविधाओं का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है।

उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में खेलों को प्रोत्साहित कर राज्य को 'खेल भूमि' के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

# नैनीताल में 22 से 25 दिसंबर तक आयोजित होगा विंटर कॉर्निवाल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नैनीताल के ऐतिहासिक डीएसए मैदान में 6 वर्षो के लंबे समयान्तराल के बाद 22 दिसंबर (सोमवार) से शुरु होने जा रहे चार दिवसीय विंटर कॉर्निवाल की पूर्व तैयारी को लेकर शुक्रवार को महत्वपूर्ण बैठक नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या की अध्यक्षता में व अपर जिलाधिकारी विवेक राय के संचालन में जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। तय किया गया विंटर कार्निवाल के उद्घाटन के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी व समापन के लिए पर्यटन मंत्री को आमंत्रित करने का फैसला लिया गया।

बैठक में विंटर कार्निवाल को भव्यता पूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु विभिन्न जनप्रतिनिधियों, संगठनों के प्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों व पर्यटन से जुड़े संस्थाओं के साथ विचार विमर्श कर रूप रेखा पर चर्चा की गई। सभी के द्वारा आपसी समन्वय व सामूहिक भागीदारी से विंटर कार्निवाल को भव्यता पूर्वक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने अवगत कराया कि नैनीताल में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विंटर कॉर्निवल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने विंटर कार्निवल की प्रारंभिक तैयारियां के बारे में जानकारी देते हुए सभी से सहयोग की गुजारिश की बैठक में जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने पीपीटी के माध्यम से विंटर कॉर्निवल में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी के मुताबिक 22 दिसंबर (सोमवार) को नैनीताल बिड़ला चुंगी से कैंची धाम तक 20 किलोमीटर ट्रैकिंग की जाएगी जिसमें विभिन्न पर्यटकों के साथ ही पर्यटन से जुड़े लोगों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा इसी दिन बोट हाउस कलब से रिगाटा प्रारंभ होगी व बैंड की प्रस्तुति भी की जाएगी जबकि 23 दिसंबर (मंगलवार) को जीवनदायिनी नैनीझील में बोटिंग रेस आयोजित करने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा वहीं सायंकाल में दीपदान के साथ ही मुखय अतिथि द्वारा विंटर कार्निवाल का उद्घाटन किया जाएगा। इससे पूर्व नगर में बैंड धुन के साथ परेड एवं झांकी निकाली जाएगी। स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा। स्टार नाईट में बॉलीवुड कलाकार परमीश वर्मा द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। 24 दिसंबर (बुधवार) को फूड फेस्टिवल एवं विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ ही उत्तराखंड स्टार नाइट पवनदीप और कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। अंतिम दिन यानी 25 दिसंबर (वीरवार) को दिन में विभिन्न प्रतियोगिता पेंटिंग व डांस सहित अनेक प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। स्टार नाइट में सुप्रसिद्ध पांडवाज ग्रुप द्वारा अपनी प्रस्तुति दिखाई जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक दिन स्थानीय कलाकारों की अनेक प्रस्तुतियां के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगीए ताकि पर्यटकों के साथ ही जनता को पूर्ण मनोरंजन मिल सके। विंटर कार्निवाल के लिए नैनीताल की शान समझी जाने वाली माल रोड को लाइट माला से दुल्हन की तरह से सजाया जाएगा साथ ही जगह जगह पर आयोजन के सीधा प्रसारण हेतु एलईडी स्थापित की जाएंगी। मालरोड में पर्यटकों के लिए जगह-जगह पर सेल्फ ी स्टैंड लगाए जाएंगे,इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों के लिए एक अलग से मंच बनाया जाएगा। अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने कार्निवाल की सभी तैयारियां को यथासमय पूर्ण करने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि शहर में और हल्द्वानी रेलवे स्टेशन आदि मुखय स्थानों में होल्डिंग लगाकर पर्यटकों को विंटर कॉर्निवाल की जानकारी दी जाएगी,इस हेतु प्रचार प्रसार की जिममेदारी पर्यटन विभाग, खान पान व जल पान की व्यवस्था केएमवीएन व अलाव की नगर पालिका व विद्युत की व्यवस्था विद्युत विभाग व पेयजल की जल संस्थान को जिमेदारी दी गई। इस अवसर पर विधायक सरिता आर्या ने कहा कि मुखयमंत्री के प्रयास से ही नैनीताल में विंटर पर्यटन को बढ़ाने के लिए विंटर कॉर्निवाल का अयोजन किया जा रहा है। जिसका प्रतिवर्ष आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग से इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराएंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका डा. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि सभी के प्रयासों से इसे भव्य एवं दिव्य रूप से संपन्न करेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र नेगी,पुलिस अधीक्षक (यातायात) जगदीश चंद्र, एसडीएम नवाजिश खलिक, प्रमोद कुमार,बीसी पंत समेत होटल एसोशिएशन अध्यक्ष दिग्विज सिंह बिष्ट समेत त्रिभुवन सिंह फ र्तियाल, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, व्यापार मंडल तल्लीताल के अध्यक्ष मारूति नंदन साह समेत विभिन्न सभासद व जनप्रतिनिधि सहित विभागों के अधिकारी आदि मौजूद रहे।



## एडीएम नेगी ने चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्या

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी नैनीताल शैलेंद्र सिंह नेगी द्वारा जंगलियागांव पंहुचकर रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना इसके साथ ही उन्होंने आपदा प्रभावित स्थलों का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान ग्रामीणों द्वारा आपदा से गांव के क्षतिग्रस्त पंचायत घर की सुरक्षा दीवार की मरममत किए जाने, राजकीय इंटर कॉलेज जंगलिया गांव में इंटर में विज्ञान विषय खोले जाने, जगलिया गांव से बुड़ाधूरा तक सड़क मार्ग में डामरीकरण कराए जाने, बंदरों से हो रहे नुकसान की समस्या का समाधान किए जाने संबंधित शिकायत से अवगत कराया। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी ने मौके पर से ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की और तत्काल समस्या के समाधान के निर्देश दिए इससे पूर्व अपर जिलाधिकारी ने विकास खंड कार्यालय भीमताल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी के साथ ही स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## ऑल सेंट्स कॉलेज में कैरोल संध्या सांप्रदायिक सौहार्द का जीवंत उदाहरण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

क्रिसमस के पावन अवसर पर ऑल सेंट्स कॉलेज परिसर में ईसाई समुदाय द्वारा पारंपरिक कैरोल संध्याओं का आयोजन किया गया। इन संध्याओं के दौरान प्रभु यीशु की स्तुति में मधुर कैरोल गीत गाए गए तथा एक-दूसरे के आवासों पर जाकर सामूहिक प्रार्थनाएँ की गई।

कैरोल संध्या की विशेष बात यह रही कि इसमें केवल ईसाई समुदाय ही नहीं बल्कि अन्य धर्मों के लोग भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। सभी ने मिलकर इन संध्याओं का आनंद लिया जिससे कॉलेज परिसर में आपसी भाईचारे, सौहार्द और सद्भाव का सुंदर वातावरण बना।

यह आयोजन सर्वधर्म समभाव और साम्प्रदायिक एकता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है।कार्यक्रम के दौरान ईश्वर से समस्त मानवता, प्रकृति तथा सभी प्राणियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। कैरोल गीतों की मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया और क्रिसमस के वास्तविक संदेश,प्रेम, करुणा व शांति और सेवा को सभी के हृदय तक पहुँचाया।ऑल सेंट्स कॉलेज में आयोजित यह कैरोल संध्या न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी बल्कि विविधता में एकता की भावना को भी सुदृढ़ करती हुई एक प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुई।



## NEWS / फटाफट

### राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने जन्मदिन पर दिव्यांशु को किया पौधरोपण हेतु प्रेरित



नैनीताल । राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान शुक्रवार को 521वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के तहत धारचूला जिसी निवासी दिव्यांशु शाही ने अपने जन्मदिन को पौधारोपण अभियान से जोड़ते हुए एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। दिव्यांशु शाही ने कहा कि वह अपने हर जन्मदिन पर अब पौधारोपण करेंगे व अन्य को भी प्रेरित करेंगे। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### भाजपा नेता दरमवाल को मातृ शोक



**हल्द्वानी।** पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष भाजपा नेता आनंद सिंह दरमवाल की माता लीला देवी का आकस्मिक निधन हो गया है। रानीबाग चित्रशीला घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वह अपने पीछे बहु जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल व भरा पुरा परिवार छोड़कर गयी है। उनके निधन से क्षेत्र में शोक छा गया और उनके निवास स्थान पर श्रद्धांजलि अर्पित करने बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि व स्थानीय लोग पहुँचे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद अजय भट्ट,विधायक बंशीधर भगत, दीवान सिंह बिष्ट, डॉ मोहन बिष्ट, भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट सहित अनेको जन प्रतिनिधियों और समाजसेवीयों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## भीमताल स्थित जून स्टेट में निर्माण कार्यों का मामला:हाईकोर्ट में सुनवाई 29 को

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले के भीमताल के जून स्टेट में हो रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की । मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई 29 दिसंबर (सोमवार) की तिथि नियत की है।

बता दें हाईकोर्ट ने डीएफ ओ ए एसडीएम व जिला विकास प्राधिकरण से इसपर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। बीते बुधवार को इस मामले में निदेशक एफ आरआई सहित कई अधिकारी कोर्ट में पेश हुए । सुनवाई पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि अभी तक पूर्व के आदेश का अनुपालन नहीं हुआ है। न ही अभी तक इसका सर्वे किया गया जिसपर कोर्ट ने उनसे रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि पूर्व में कोर्ट ने इस मामले की जांच कराने के आदेश दिए थे लेकिन अभी तक इसकी जाँच नहीं हो पाई। भूमि से संबंधित कई रिकार्ड गायब हैं। 1980 के बाद के सभी निर्माण कार्यो को ध्वस्त किया जाय क्योंकि यह रेवन्यू भूमि नहीं है यह वन विभाग की भूमि है।

## डीएम की त्वरित कार्यवाही से सहकारी समिति में वित्तीय अनियमितता का खुलासा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नैनीताल जिले के श्री कैंची धाम तहसील के तहत गरमपानी क्षेत्र स्थित बहुउद्देशीय प्रांरभिक कृषि ऋ ण सहकारी समिति लिमिटेड गरमपानी में वित्तीय अनियमितता एवं ग्रामीणों की जमा पूंजी वापस न किए जाने से संबंधित गंभीर शिकायत पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित के विरुद्ध एफ आईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

प्रकरण के अनुसार समिति कर्मचारी एवं मिनी बैंक प्रभारी पटल आनन्द सिंह पनौरा पुत्र गंगा सिंह पनौरा निवासी ग्राम धनियाकोट मल्ला कोट द्वारा अपने पटल पर रहते हुए ग्रामीण बचत केन्द्र गरमपानी में सदस्यों की जमा धनराशि में वित्तीय अनियमितताएं किए जाने का आरोप है।

उक्त संबंध में बचत केन्द्र के सदस्यों द्वारा बीते 17 दिसंबर (बुधवार) को जन-जन की सरकार-जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सभागार छड़ा खैरना में जिलाधिकारी नैनीताल के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी।मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा तत्काल कार्यवाही के निर्देश देते हुए संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए गए। जिलाधिकारी के आदेशानुसार कोतवाली भवाली में 'एफ आईआर संखया 0042/25दिनांक 18.12.2025 को अभियोग पंजीकृत किया गया इस संबंध में शिकायतकर्ता गोपाल सिंह रौतेला सचिव बहुउद्देशीय प्रांरभिक कृषि ऋण सहकारी समिति लिमिटेड0 गरमपानी, विकासखंड बेतालघाट जनपद नैनीताल द्वारा प्रकरण दर्ज कराया गया जबकि अन्य शिकायतकर्ताओं मेंहीरा सिंह पुत्र स्व0 फ कीर सिंह, देवेन्द्र सिंह पुत्र फ कीर सिंह,पूरन सिंह पुत्र फकीर सिंह तथा हरदयाल सिंह पुत्र उमेद सिंह शामिल रहे जिनके द्वारा प्रार्थना पत्र प्रेषित किए गए हैं।

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने स्पष्ट किया कि आम जनता की मेहनत की कमाई से किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों के विरुद्ध सखत से सखत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अभिमत

## अमल की उम्मीद

*भारत के उद्यमी, फिल्म स्टार और अन्य सेलेब्रिटी सिंगापुर, दुबई, योरोप में विवाह करते रहे हैं। जिससे देश का धन विदेश चला जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन में उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों के प्रति अटूट आस्था रही है। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। इसी लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अमीरों का आह्वान किया कि विवाह जैसे शुभ कार्यक्रमों को देवभूमि में आयोजित कर देवी-देवताओं का आशीर्वाद लिया जाये। रामनगर और नैनीताल के कई क्षेत्रों में वेडिंग डेस्टिनेशन शुरू हो गया है। इससे देवभूमि के लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। प्रधानमंत्री के आह्वान पर देवभूमि के अन्य स्थानों पर भी अमल की उम्मीद है।*

उत्तराखंड की प्रगति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर देश के उद्यमी और सेलेब्रिटी से विदेश में विवाह समारोह आयोजित करने की जगह उत्तराखंड को वरीयता देंगे, इसकी उम्मीद है। उत्तराखंड की पर्वतीय चोटियों से लेकर घाटी और तराई को प्रकृति ने नैसर्गिक सौंदर्य प्रदान किया है। शहरी भीड़भाड़ से दूर वन क्षेत्र से सटे रिजॉर्ट विवाह समारोह के लिए उपयुक्त स्थल हैं। कुछ साल पहले अफ्रीका में बसे भारतीय व्यवसायी गुप्ता बंधुओं ने आइस स्केटिंग के लिए प्रसिद्ध औली में विवाह समारोह का आयोजन किया था। उस समय औली क्षेत्र में गंदगी फैलाने का मामला उठा था। बैंक्वेट हॉल में कार्यक्रम होने पर भी अपशिष्ट की समस्या होती है। सफाई का प्रबंध किया जाता है। इसी तरह उत्तराखंड के दूरस्थ रिजॉर्ट में विवाह समारोह होने पर गंदगी होना स्वाभाविक है, इस समस्या का समाधान किया जाना चाहिए। राजस्थान में राजशाही के जमाने के महल और झील हैं। कुछ साल पहले देश के बड़े उद्यमियों ने अपने बेटे-बेटी का विवाह राजमहलों में जाकर किया। जिससे प्राप्त धन से राजमहलों का रखरखाव किया जा रहा है। इससे पहले राजमहलों के खंडहर होने की समस्या उत्पन्न हो गई थी। राजमहलों व झीलों में फिल्म की शूटिंग यदाकदा होती थी तो थोड़ी मरम्मत से काम चला लिया जाता था। हालांकि राजस्थान के किले और झील पर्यटक स्थल के रूप में जाने जाते हैं। उद्यमियों द्वारा विवाह तथा अन्य कार्यक्रम से लोगों को रोजगार मिलता है। देश के शीर्ष उद्यमी मुकेश अंबानी ने भी अपनी संतान का विवाह राजस्थान के राजमहल में करके अन्य लोगों को प्रेरित किया। मुकेश अंबानी चाहते तो यही कार्यक्रम विदेश में भी कर सकते थे। भारत के उद्यमी, फिल्म स्टार और अन्य सेलेब्रिटी सिंगापुर, दुबई, योरोप में विवाह करते रहे हैं। जिससे देश का धन विदेश चला जाता है। प्रधानमंत्री मोदी के मन में उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों के प्रति अटूट आस्था रही है। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमीरों का आह्वान किया है कि विवाह जैसे शुभ कार्यक्रमों को देवभूमि में आयोजित कर देवी-देवताओं का आशीर्वाद लिया जाये। रामनगर और नैनीताल के कई क्षेत्रों में वेडिंग डेस्टिनेशन शुरू हो गया है। इससे देवभूमि के लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। धनाढ्य वर्ग विवाह के अतिरिक्त, जन्म दिन, विवाह की वर्षगांठ तथा ऐसे ही अन्य कार्यक्रम यादगार बनाने के लिए घर और शहर से दूर आयोजित करते हैं। उत्तराखंड में ऐसे कार्यक्रमों के लिए अनेक धार्मिक और पर्यटक स्थल हैं। उत्तराखंड के पर्यटन से जुड़े व्यवसायियों को भी सुविधा मुहैया कराने का प्रबंध करना होगा। राज्य सरकार को इन कार्यक्रमों की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के लिए कदम उठाना होगा।

# दहशत: पहाड़ों में जंगली जानवरों का आतंक

## मुंह, गर्दन, सर पर पंजों से हमला, खींच ले गया तेंदुआ, फिर भी बचे चंदन





देहरादून
हमारे संवाददाता

चौखुटिया क्षेत्र में तेंदुए ने एक व्यक्ति पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायल को क्षेत्र के लोग उप जिला अस्पताल चौखुटिया लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। सर पर घाव ज्यादा होने के चलते घायल को हायर सेंटर अल्मोड़ा भेज दिया है।

चौखुटिया क्षेत्र के भटकोट निवासी चंदन राम लीसा डिपो के पास अपनी बेटी से मिलने आए थे। बृहस्पतिवार की देर रात कुत्ते के भौंकने की आवाज आई। इतने में चंदन राम जैसे ही दरवाजा बाहर देखने आए तो तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें खींच कर कुछ दूरी तक ले गया। उनके चिल्लाने पर परिवार और पडोस के लोग बाहर आए और शोर मचाया। इसके बाद तेंदुए जंगल की ओर भाग निकला। तेंदुए ने चंदन के मुंह, सर और गर्दन पर पंजा मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। घायल चंदन को स्थानीय लोग उप जिला चिकित्सालय चौखुटिया लाए। यहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। सर पर घाव अधिक होने से चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा रेफर कर दिया। वन क्षेत्राधिकारी गोपाल दत्त जोशी ने बताया कि प्रारंभिक रूप में घायल आनंद राम को दस हजार की आर्थिक सहायता राशि दी गई है।

**तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने लगाया पिंजरा:** भटकोट क्षेत्र में तेंदुए के हमले के बाद लोगों में दहशत बनी है। वन विभाग ने एहतियातन पिंजरा लगा दिया है। पिंजरा उस स्थान के आसपास स्थापित किया गया है जहां तेंदुए की लगातार आवाजाही देखी जा रही थी। वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में गश्त भी तेज कर दी है। ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई है। विभाग ने लोगों से रात के समय अकेले बाहर न निकलने, बच्चों और मवेशियों पर विशेष निगरानी रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग को देने की अपील की।

**वन विभाग ने क्षेत्र में बढ़ाई गश्त:** रामपुर क्षेत्र में जंगली जानवरों की बढ़ती आवाजाही और हाल में भालू के दो महिलाओं पर हमले की घटनाओं को देखते हुए वन विभाग सतर्क नजर आ रहा है। वन क्षेत्राधिकारी गोपाल दत्त जोशी ने बताया कि गुलदार सहित अन्य वन्य जीवों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही हैद्ध। चौखुटिया क्षेत्र में वन और वन्य जीव सुरक्षा को लेकर उप प्रभागीय वनाधिकारी काकुल पुंडीर स्वयं निगरानी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही विभागीय अधिकारियों को गश्त के निर्देश दिए गए हैं।

### बच्चों के साथ घर में घुसा भालू

**उत्तकाशी।** जिले में लगातार भालुओं की दहशत बढ़ती जा रही है। टकनौर क्षेत्र के मल्ला गांव सहित कई गांवों में भालू घरों की छतों और आंगन में घूम रहे हैं। इस कारण लोग अंधेरा होने के बाद घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। ऐसी ही एक घटना भटवाड़ी ब्लॉक के मल्ला गांव में देखने को मिली है। यहां एक भालू और उसके दो बच्चे घर के आंगन में घूमते हुए मिले। मल्ला गांव में जंगल से निकलकर एक भालू अपने दो बच्चों के साथ घर में घुस गया।

## यूएसनगर के पांच गांवों में अवैध खनन का मामला हाईकोर्ट में सुनवाई 31 को

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट मे ऊधम सिंह नगर जिले के सिरोलीकलां सहित करीब पांच अन्य ग्रामों मे अवैध खनन करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने मामले मे अगली सुनवाई हेतु 31 दिसंबर (बुधवार) की तिथि नियत की है और सरकार से कोर्ट ने रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

बीते बुधवार के आदेश पर जिला खान अधिकारी ऊधम सिंह नगर शुक्रवार को कोर्ट में वीसी के माध्यम से पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट को बताया गया कि कोई भी अवैध खनन नहीं हो रहा है। जहां पर हो रहा है। उन्हें खनन करने की अनुमति मिली हुई है लेकिन कोर्ट उनके इस तर्क से सन्तुष्ट नहीं हुआ। कोर्ट ने उनसे पूछा कि रिवर बैंड में भारी मशीनों से खनन कैसे हो रहा है? इसपर रिपोर्ट 31 दिसंबर (बुधवार) तक पेश करें।

## रामगढ़ डिग्री कालेज के अर्थशास्त्र प्राध्यापक डा.हरीश जोशी की पुस्तक का हुआ विमोचन



नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के रामगढ़ महाविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. हरीश चन्द्र जोशी के द्वारा संपादित पुस्तक ट्रांसफ ॉर्मिंग उत्तराखंड- विकास, वृद्धि और सतत विकास का मार्ग का प्राचार्य प्रो. नगेंद्र द्विवेदी के द्वारा विमोचन किया गया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. नगेंद्र दिवेदी ने कहा कि शिक्षकों को सदैव सृजनात्मक कार्य करने चाहिए। डॉ. जोशी ने उत्तराखंड अर्थव्यवस्था के लिए जो लिखा है यह एक बड़ी कामयाबी है और इसके लिए उन्होंने मुक्त कंठ से उनकी प्रशंसा करी और कहा कि यह कृति पाठकों को नवीन चिंतन और मंथन के लिए विवश करेगी ऐसा मेरा मानना है। वरिष्ठतम प्राध्यापिका प्रो. माया शुकला ने पुस्तक को उच्च कोटि का बताया और उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था के लिए एक मील का पत्थर होने की उममीद व्यक्त की। उन्होंने डॉ जोशी की कामयाबी के लिए उनको बधाई दी।

अपने उद्बोधन में पुस्तक के लेखक डॉ. हरीश चन्द्र जोशी ने कहा कि डॉ जितेंद्र लोहानी के साथ संपादित यह पुस्तक उत्तराखंड को गाढ व गधेरे ,गलगल, मनी ऑर्डर अर्थव्यवस्था से बाहर ले जाकर एक गरिमामई स्वरोजगार से युक्त अर्थव्यवस्था बनने के लिए यह पुस्तक एक प्रयास है। इस पुस्तक में प्रयास किया गया है कि न केवल वर्तमान की आवश्यकताओं की पूर्ति हो बल्कि सतत विकास की बात भी इस पुस्तक में है ।उत्तराखंड अर्थव्यवस्था को कैसे एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में हम देखें इस हेतु इस पुस्तक में सुझाव दिए गए हैं।

इस अवसर पर डॉ संध्या गढ़ीटी, डॉ नीमा पंत, डॉ हरेश राम, सुश्री तनुजा जोशी, कविंद्र प्रसाद,हिमांशु बिष्ट, सुश्री दीप्ती, गणेश बिष्ट, कुंदन गोस्वामी तथा प्रेम भारती सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रही। संचालन डॉ.निर्मला रावत ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र संघ सचिव गरिमा,कमल, अमित,अपर्णा, रोशनी तथा नीलम व खुशी ने विशेष सहयोग प्रदान किया। अंत में डा.हरीश जोशी ने सभी का आभार जताया।

# फिल्मी दुनिया

## जान्हवी कपूर रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ फिर आई नजर





*सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जिसमें जान्हवी कपूर अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ नजर आई। वह इंडो-वेस्टर्न ड्रेस पहने किसी इवेंट का हिस्सा बनी हैं। शिखर भी ट्रेडिशनल गेटअप में नजर आ रहे हैं। लेकिन दोनों ने साथ में पैपराजी को पोज नहीं दिए।*

*वायरल वीडियो में शिखर और जान्हवी एक साथ किसी फंक्शन का हिस्सा बन रहे हैं। लेकिन जहां पर पैपराजी फोटो क्लिक कर रहे हैं, वहां पर शिखर सिर्फ जान्हवी को जाने के लिए कहते हैं। वह कोने में एक जगह पर खड़े होकर जान्हवी कपूर का इंतजार करते हैं। जान्हवी भी पैपराजी को पोज देती हैं और इसके बाद आगे बढ़ जाती हैं।*

*पिछले दिनों भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें जान्हवी कपूर और उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया ट्रेडिशनल गेटअप में नजर आए। यह एक सगाई का वीडियो था। कई फैंस को लगा कि जान्हवी और शिखर ने सगाई कर ली है। लेकिन ऐसा नहीं था यह रूमर्ड कपल दीया श्रॉफ की मेहंदी सेरेमनी में शामिल हुआ था। दीया श्रॉफ, जान्हवी कपूर की करीबी दोस्त हैं।*

### जान्हवी कपूर की आने वाली फिल्में

*कुछ महीने पहले जान्हवी कपूर की फिल्म 'परम सुंदरी' रिलीज हुई। इसके बाद वह 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में नजर आई। अगले साल रिलीज होने वाली एक साउथ फिल्म 'पेड्डी' में भी जाहन्वी अभिनय करती नजर आएंगी। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ नजर आएंगी।*

## समझौते के बावजूद पीड़ित परिवार को नहीं मिला मुआवजा

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर के इको टाउन क्षेत्र के पास एक सड़क हादसे में युवती के गंभीर रूप से घायल होने का मामला सामने आया है। रामपुर रोड, देवलचौड़ निवासी विनोद कुमार भट्ट ने बताया कि 23 नवंबर की शाम करीब 6 बजे उनकी बेटी गुंजन भट्ट होम ट्यूशन प ?कर अपने मित्र शिवम चन्द्र पाण्डे की बुलेट बाइक से घर लौट रही थी। इसी दौरान इको टाउन के पास चौराहे पर दाहिनी ओर से तेज और लापरवाही से आ रही कारने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। कार चालक की पहचान अंकित सिंह रावत पुत्र त्रिलोक रावत, निवासी जेल रोड हल्द्वानी के रूप में हुई है। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और पीछे बैठी गुंजन भट्ट तथा बाइक चला रहे शिवम चन्द्र पाण्डे दोनों को गंभीर चोटें आई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को नीलकंठ अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर पीड़िता का भाई कृष्ण कुमार भट्ट भी अस्पताल पहुंचा। आरोप है कि इसके बाद आरोपी पक्ष के कुछ लोग कृष्ण कुमार को ट्रांसपोर्ट नगर ले गए, जहां उनके सामने शिवम चन्द्र पाण्डे और अंकित रावत के बीच एक समझौतानामा लिखा गया। समझौते में यह तय हुआ कि गुंजन भट्ट के इलाज के लिए 1.5 लाख रुपये दिए जाएंगे। पीड़ित पक्ष का कहना है कि नीलकंठ अस्पताल में पांच दिन भर्ती रहने के बाद गुंजन को डिस्चार्ज कर दिया गया, लेकिन अस्पताल में हुए प्रारंभिक खर्च के अलावा आरोपी द्वारा अब तक कोई राशि नहीं दी गई। आगे के इलाज के लिए जब अंकित रावत और उसके परिजनों से पैसे मांगे गए तो उन्होंने देने से इनकार कर धमकी दी। विनोद कुमार भट्ट ने बताया कि वह स्वयं विकलांग हैं और आय का कोई ठोस साधन नहीं है, ऐसे में बेटी का इलाज कराना उनके लिए संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने पुलिस से आरोपी अंकित सिंह रावत के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

News कॉर्नर

## अवैध खड़िया खनन का मामलाः हाईकोर्ट में सुनवाई 30 को

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बागेश्वर जिले के कांडा तहसील सहित जिले के कई अन्य गांवों में अवैध खड़िया खनन से आई दरारों के मामले में स्वतः संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका के अलावा 165 खनन इकाइयों से संबन्धित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई शुक्रवार भी की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई 30 दिसंबर (मंगलवार) की तिथि नियत की है। बता दें शुक्रवार को भी दोनों कर्मचारी कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए जिनके मोबाईल से रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उनसे इस संबंध में शपथपत्र पेश करने को कहा है।

## नौकरी की तलाश में निकला युवक का रहस्यमय ढंग से लापता

हल्द्वानी। हल्द्वानी के लामाचौड़ क्षेत्र स्थित जोशी गार्डन, देवपुर कुरिया निवासी मोहन सिंह गड़िया के लापता होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मोहन सिंह गड़िया 2 सितंबर 2025 को नौकरी की तलाश में स्कूटी लेकर घर से निकले थे। शाम तक घर न लौटने पर उनकी पत्नी भगवती देवी ने उनके मोबाइल नंबर 7889832723 पर संपर्क किया, जिस पर उन्होंने बताया कि वह कहीं और चले गए हैं और अगले दिन घर लौट आएंगे। हालांकि, अगले दिन भी मोहन सिंह घर नहीं पहुंचे। दोबारा फोन करने पर उन्होंने बताया कि वह लुधियाना में हैं। इसके बाद 2-3 बार फोन पर बातचीत हुई, लेकिन फिर अचानक उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया, जो आज तक बंद है। परिजनों का कहना है कि इसके बाद से मोहन सिंह गड़िया के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

# पुलिस कप्तान ने जवानों के फिटनेस और दक्षता का किया मूल्यांकन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिले के पुलिस कप्तान डॉ. मंजूनाथ टीसी की ओर से शुक्रवार को पुलिस लाइन नैनीताल में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड के दौरान पुलिस बल की ड्रिल, शारीरिक फि टनेस तथा कार्यक्षमता एवं हथियार संचालन का मूल्यांकन किया गया।

इस अवसर पर जिले के सभी संवर्गों थानों समेत पुलिस लाइन, फ ायर सर्विस, सीपीयू एवं परिवहन शाखा के जवानों ने परेड में हिस्सा लिया। महिलाएं व पुरुष एवं यातायात पुलिस की अलग-अलग टोलियां बनाकर हथियार संचालन का अभ्यास कराया गया। हथियार



संचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर महिला आरक्षी रेखा निखुरपा एवं महिला आरक्षी किरन मेहता को नकद पुरस्कार देकर सममानित किया गया। पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस बल के प्रत्येक कर्मी को हथियार संचालन में दक्ष होना चाहिए और किसी भी परिस्थिति के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि फोर्स का हर जवान शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत हो। विशेष रूप से महिला कर्मियों से आत्मविश्वास बनाए रखनेए स्वयं को सशक्त बनाने तथा शस्त्रों की पूरी जानकारी रखने का आह्वान किया गया। परेड के दौरान सभी प्रभारियों को आवंटित सरकारी वाहनों की लॉग बुकए फिटनेस एवं मेंटीनेंस की भी जांच की गई। संबंधित प्रभारियों एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरूप वाहनों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।

परेड में एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चंद, एसपी हल्द्वानी मनोज कत्याल, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार, सीओ रामनगर सुमित पांडे, सीओ नैनीताल रविकांत सेमवाल, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन हरकेश सिंह सहित सभी थाना व चौकी एवं शाखा प्रभारी तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी रहे।

# नाबार्ड के तहत 18.87 करोड़ से होंगे नैनीताल जिले में कई कार्य

नैनीताल
हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) के तहत जनपद नैनीताल में ग्रामीण अवसंरचना से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए कुल 18.87 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है।

जिला विकास प्रबंधकए नाबार्ड नैनीताल मुकेश बेलवाल ने बताया कि स्वीकृत परियोजनाएँ लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग तथा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग से संबंधित हैं जिनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क को सुदृढ़ करना, कौशल अवसंरचना को मजबूत करना तथा रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना है। आरआईडीएफ के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग को 9.26 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसके माध्यम से भीमताल एवं रामनगर विकासखंडों में दो ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की



आबादी को बाजारों, शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं तक सुगम पहुंच सुनिश्चित होगी जिससे स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।इसी क्रम में कौशल विकास एवं रोजगार विभाग को 4.66करोड़ की स्वीकृति औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) हल्द्वानी में छात्रावास भवन के निर्माण हेतु प्रदान की गई है। इस परियोजना से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले प्रशिक्षुओं को आवास सुविधा मुहैया होगी जिससे तकनीकी शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे वहीं ग्रामीण कार्य विभाग को 4.95 करोड़ की स्वीकृति ओखलकांडा विकासखंड में एक ग्रामीण सड़क के निर्माण हेतु दी गई है। यह सड़क दुर्गम एवं पर्वतीय क्षेत्रों के गांवों को मुखय मार्गों से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी जिससे आवागमन सुगम होगा तथा कृषि व बागवानी एवं स्थानीय उत्पादों के विपणन को प्रोत्साहन मिलेगा।

# संत एंथोनी इंटर कालेज में क्रिसमस पर कार्यक्रम आयोजित

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के ज्योलीकोट स्थित संत एंथोनी इंटर कालेज में क्रिसमस पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति देकर ईसा मसीह के भाईचारे तथा सौहार्द,शांति के संदेश को जीवन में उतारने और समाज में समरसता का संदेश दिया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि फ ादर नेल्सन ने अपने संबोधन में कहा कि मानव जीवन के उद्धार के लिए ईश्वर ने मनुष्य रूप में जन्म लेकर समाज को नई दिशा दी। वर्तमान समय की परिस्थितियों में ईसा मसीह की शिक्षा व उपदेश ज्यादा प्रासंगिक है। प्रधानाचार्य सिस्टर मैरी ने कहा कि बाइबिल हमें सकारात्मकता, ईश्वर पर विश्वास और भरोसा रखने का संदेश देता है जबकि सिस्टर शोभा ने विद्यालय की गतिविधियों तथा प्रगति की जानकारी देते सभी का आभार व्यक्त किया। इससे पहले अतिथियों का स्वागत, कैरल गीत और सेंटा कलॉज से संबंधित प्रस्तुतियां दी। विद्यालय के खिलाड़ियों समेत प्रतिभावान छात्र छात्राओं को समानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संखया में लोग मौजूद रहे।



# नैनीताल बैंक प्रबंधन ने की सीएम धामी से शिष्टाचार भेंट

देहरादून/नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुखय कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार लाल की सीएम पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट हुई।

भेंट के दौरान बैंक के प्रबंध निदेशक द्वारा बैंक की श्रेली भूली छात्रववृत्ति योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में सीएम को आमंत्रित किया गया। इस योजना के तहत प्रदेश की 60 से अधिक आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को लाभान्वित किया जाएगा। यह योजना बैंक की सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इसी अवसर पर सीएम धामी द्वारा बैंक के नववर्ष 2026 के कैलेंडर का भी विमोचन किया गया। शिष्टाचार भेंट के दौरान बैंक के मुखय परिचालन अधिकारी डॉ. दीपक पंत, क्षेत्रीय प्रबंधक मुकुल सनवाल सहित बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



## कुविवि के पूर्व साईंस डीन प्रो.तिवारी नहीं रहे

नैनीताल । कुमाऊं विश्वविधालय शिक्षक संघ (कूटा) ने कुमाऊं विश्वविधालय के पूर्व डीन साइंस तथा पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एच पी तिवारी (88) के निधन पर दुःख व्यक्त किया है । प्रो. तिवारी का लखनऊ में निधन हुआ। प्रो.तिवारी के निधन पर एलुमनी सेल के अध्यक्ष डॉ बी एस कालाकोटी तथा महासचिव प्रो. ललित तिवारी सहित पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सी एस मथेला तथा कूटा परिवार ने दुःख जताया है।

# कृषि व पशुपालन एक दूसरे के पूरक हैंः डा. संजय कुमार

नैनीताल
हमारे संवाददाता

आयोजन
• पटवाडांगर में कृषक-वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन

उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिकी परिषद् पटवाडांगर में कृषक-वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि पशुपालन व कृषि एक दूजे के पूरक हैं।

परिषद् के निदेशक डा. संजय कुमार ने उत्तराखण्ड व देश में पायी जाने वाली गाय व भैंस की विभिन्न प्रजातियों के दूध देने की क्षमता की जानकारी दी। बताया कि उत्तराखण्ड की बद्री गाय में दूध देने की क्षमता और गायों के अपेक्षकृत कुछ कम हैं लेकिन दूध की गुणवत्ता उच्च स्तर की होती है। बताया कि कृषि व पशुपालन एक दूसरे के पूरक हैं। कृषि के बिना पशुपालन व पशुपालन के बिना कृषि अधूरी है। बताया कि बीमारियों से बचाव एवं उच्च गुणवत्ता के दूध उत्पादन हेतु गाय, भैंस व पशुओं को टीकाकरण जरूर कराना चाहिए। इसके साथ ही पशु के बैठने व आराम गृह साफ होना चाहिए। उन्होंने पानी की शुद्धता व तापमान पर भी प्रकाश डाला व गाय व पशुओं में पाये जाने वाले थनैला रोग के कारण व निवारण पर भी प्रकाश डाला।

इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र ज्योलीकोट के वैज्ञानिक डा. बलवान सिंह ने गाय, भैंस के दूध की मार्केटिंग व उत्पादन बढ़ाने पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने बकरियों के मुर्गियों के पालन एवं इनके दूध व मीट के उत्पादन पर प्रकाश डाला।

# नैनीताल में विंटर कार्निवाल,थर्टी फर्स्ट व नव वर्ष में अपटूडेट रहेगी कानून व यातायात व्यवस्था

नैनीताल
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में विंटर कार्निवाल, क्रिसमस पर्व,थर्टी फर्स्ट तथा नव वर्ष 2026 के अवसर पर सैलानियों के आगमन की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए धरातल पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रभावी निराकरण, सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु नैनीताल पुलिस पूरी तरह तैयार है।

यह बात शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ.0 मंजुनाथ टी0सी0' द्वारा पुलिस लाइन नैनीताल के सभागार में विभिन्न विभागों एवं स्टेकहोल्डर्स के साथ महत्त्वपूर्ण समन्वय गोष्ठी में कही। बैठक में सभी अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों



को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कहा कि पर्यटन कारोबार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 22 दिसंबर से विन्टर कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त क्रिसमस, थर्टी फर्स्ट व नव वर्ष 2026 के अवसर पर अत्यधिक पर्यटक दबाव को देखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। तय किया कि नैनीताल के लिए नारायण नगर को मुखय पार्किंग स्थल बनाया जाएगा। पार्किंग भरने की स्थिति में नारायण नगर से शटल सेवा संचालित की जाएगी। सभी पार्किंग स्थलों पर 'पर्याप्त मैनपावर व प्रकाश व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाएं समय से पूर्ण की जाएंगी। निर्धारित स्थानों से 'रोडवेज व टैकसी एवं के0एम0ओ0यू0 वाहनों द्वारा शटल सेवा संचालित करने पर सहमति बनी। टैकसी चालकों द्वारा अपने वाहनों पर तथा होटल स्वामियों द्वारा अपने होटल में मोबाईल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित किए जाएंगे। पर्यटकों के सुरक्षित आवागमन हेतु लोनिवि प्रान्तीय खण्ड को सड़क किनारे पेड़ों की लॉपिंग एवं साफ-सफाई के निर्देश दिए गए तथा रोड सेप्टी के दृष्टिगत पेड़ों पर रिफेलेकटर लगाने एवं गडप्पू से नया गांव तक क्रैश बैरियर लगाए जाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही भवाली से कैंची धाम तक सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने एवं सड़क पर पड़े अतिरिक्त सामग्री को हटाने के निर्देश।

तय किया गया अति आवश्यक सेवाओं को छोड़कर भारी माल वाहक वाहनों का दिन में पूर्ण प्रतिबंध तथा रात्रि 1100 बजे से प्रातः 600 बजे तक आवागमन की अनुमति दिए जाने का निर्णय लिया गया। स्थानीय निवासियों को लोकल पहचान पत्र दिखाने पर ही प्रवेश की अनुमति मिलेगी।